राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल की गुरू गोविन्द सिंह जयंती पर शुभकामनाएं

जयपुर, 16 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने खालसा पंथ के संस्थापक दशमेश गुरू गोविन्द सिंह जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा की गुरू गोविन्द सिंह सिंखों के दसवें गुरु होने के साथ ही महान योद्धा थे। उनका सम्पूर्ण जीवन त्याग, तपस्या और बलिदान के गुणों से ओतप्रोत था। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया है।

———

# राजभाषा संसदीय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

जयपुर, 16 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को राज भवन में संसदीय राजभाषा समिति की सहसंयोजक श्रीमती रंजन बैन भट्ट के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट में इस प्रतिनिधिमंडल ने राजभाषा हिंदी के संबंध में विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

---

# राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को विदाई दी

जयपुर, 16 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ को दिल्ली लौटने पर मंगलवार शाम एयरपोर्ट पर भावभीनी विदाई दी।

—–